दिनांक 01.07.2020 स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

शहर में आवारा पशु मुक्त तथा दुर्घटना मुक्त रखने जारी रहेगा अभियान

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई , क्षेत्र अंतर्गत सड़कों पर घूमने वाले आवारा पशुओं की धरपकड़ की जा रही है, साथ ही निगम का अमला पशुपालकों से रोका-छेका संकल्प अभियान के तहत 714 पशु मालिकों से संकल्प पत्र भरा चुके हैं ताकि निगम क्षेत्र को आवारा पशुओं से मुक्त किया जा सके। शासन के निर्देश के परिपालन में निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने निगम के अधिकारी/कर्मचारियों का दल इस कार्य के लिए गठन किया गया है। रोका-छेका संकल्प अभियान के तहत पशु मालिकों को अपने मवेशी की सुरक्षा स्वंय करने , चारा, पानी की समुचित व्यवस्था करने भिलाई निगम क्षेत्र में संकल्प पत्र भराया गया है। निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने आदेश जारी कर रोका छेका संकल्प अभियान को आगामी आदेश तक जारी रखने आदेशित किया गया है। आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए गठित दल के प्रभारी जोन 02 के एआरओ संजय वर्मा व जोन 04 के एआरओ बालकृष्ण नायडू ने बताया कि रोका छेका अभियान के तहत सड़क पर घूमने वाले आवारा मवेशियों को निगम के अमले द्वारा धरपकड़ की कार्यवाही की जा रही है। 19 जून से की जा रही कार्यवाही में निगम का अमला सड़क पर घुमने वालें 211 पशुओं को अब तक पकड़ चुके हैं। उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने बताया कि सड़कों पर आवारा घूमने वाले मवेशी पाए जाने पर पशु मालिकों पर भी नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाएगी! आवारा मवेशियों के सड़क पर चलने से दुर्घटना में पशुधन एवं जनधन की हानि होती है। निगम की अपील है कि इससे बचने के लिए पशुपालक अपने पालतू मवेशियों को सड़कों पर आवारा घूमने न दें। जोन कार्यालयों में गठित दल के कर्मचारियों द्वारा 714 पशु मालिकों से संकल्प पत्र भराया जा चुका है , संकल्प पत्र अभियान में जोन कं. 01 में 154 पशु मालिक, जोन 02 में 220 पशु मालिक, जोन 03 में 97 पशु मालिक, जोन 04 में 218 पशु मालिक, जोन 05 में 25 पशु मालिक से संकल्प पत्र भरवाया जा चुका है।